Helpline **1064** 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

## ➢ श्रीगंगानगर में हेतराम ढालिया सहायक लेखाधिकारी, पंचायत समिति श्रीगंगानगर जिला श्रीगंगानगर 15,000/— रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 17 जून, मंगलवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी श्रीगंगानगर—प्रथम ईकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री हेतराम ढालिया सहायक लेखाधिकारी, पंचायत समिति श्रीगंगानगर जिला श्रीगंगानगर को परिवादी से ग्राम पंचायत चूनावढ के प्रस्तावित दो कार्य 1. रामलीला ग्राउण्ड के जोहड़ से लेकर 30 जीजी खाले तक पानी निकासी हेतु पाईप लाईन डालने का कार्य 2. खाले न. 12 के जोहड़ से लेकर 24 जीजी खाले तक पानी निकासी हेतु पाईप लाईन डालने का कार्य की वित्तीय स्वीकृति जारी करने की एवज में **15,000/— रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी चौकी श्रीगंगानगर—प्रथम को एक शिकायत इस आशय की मिली कि हमारी ग्राम पंचायत में जोहड़ से पानी निकासी के पाईप लाईन डालने के दो कार्यो की वित्तीय स्वीकृति जारी करने की एवज में हेतराम ढालिया सहायक लेखाधिकारी, पंचायत समिति श्रीगंगानगर से मिला तो वह कुल राशि 18 लाख रूपये का एक प्रतिशत उसने खर्चे पानी के तौर पर 18,000/—रूपये रिश्वत की मांग कर रहा है।

जिस पर एसीबी के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेश सिंह** के सुपरविजन में एसीबी चौकी श्रीगंगानगर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पवन कुमार मीणा** के नेतृत्व में **उप अधीक्षक पुलिस श्री भुपेन्द्र कुमार सोनी** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी श्री हेतराम ढालिया सहायक लेखाधिकारी, पंचायत समिति श्रीगंगानगर को परिवादी के दो कार्यो की वित्तीय स्वीकृति जारी करने की एवज में 15,000/— रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।